# 12 घंटे तक हुई लगातार बारिश,कटा संपर्क



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 27 जुलाई।** जिले में शनिवार रात से रुक-रुक कर शुरू हुई बारिश शनिवार दोपहर तक जारी है। क्षेत्र में बारिश से मौसम साफ हो गया है। लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। हालांकि लगातार बारिश के चलते जिले के कई नदी-नालों में उफान आ गया है। इससे जलभराव और बहाव वाले क्षेत्रों में खतरे की स्थिति बन गई है।

**जिले में अगले तीन दिन तक तेज बारिश का अलर्ट:** मौसम विभाग ने आगामी तीन दिनों तक जिले में तेज बारिश की चेतावनी जारी की है। जिला प्रशासन ने एहतियातन सभी पुल-पुलियों और रपटों पर चेतावनी संकेतक लगाने के निर्देश दिए हैं। नागरिकों से नदी-नालों के पास जाने से बचने की अपील की गई है।

**जिले में 36.4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज:** जिले में 27 जुलाई को 36.4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दिनांक 27 जुलाई को श्योपुर में 25, बडौदा में 48, कराहल में 31, विजयपुर में 29, वीरपुर में 49 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस वर्ष दिनांक 01 जून 2025 से अभी तक जिले में कुल 880 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इस अवधि तक 442 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत की वर्षा 822 मिली मीटर है।

**आपदा नियंत्रण दल अलर्ट मोड पर:** लगातार हो रही बारिश से किसान खुश हैं। वहीं निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और आपदा नियंत्रण दलों को भी अलर्ट पर रखा गया है। जिलेवासियों से अपील की गई है कि वे अनावश्यक यात्रा से बचें और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। श्योपुर में अगले तीन दिन तक तेज बारिश का अलर्ट क्षेत्र के नदी-नाले उफान पर,जिले में 1 जून से अब तक 34 इंच पानी गिरा है।

# अपर ककेटो डैम में डूबे युवक का शव मिला

### भैंस चराने गया शख्स पानी के तेज बहाव में बहा, एसडीआरएफ ने निकाला शव

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 27 जुलाई।** श्योपुर के गसवानी थाना क्षेत्र के ककेटो डैम में भैंस चराने गए एक युवक की डूबने से मौत हो गई थी। मृतक की पहचान विक्रम भान(35) पिता चेयू यादव निवासी सिंगाइच के रूप में हुई है। दरअसल, शनिवार को जब विक्रम डैम के पास अपनी भैंसों को चरा रहे थे। वह अचानक पानी के तेज बहाव में बह गए। स्थानीय लोगों ने युवक को डूबते देखा और तुरंत प्रशासन और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही गसवानी पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने एसडीआरएफ की मदद से खोज अभियान शुरू किया। शाम तक खोजबीन जारी रही। लेकिन अंधेरा होने और पानी का तेज बहाव होने के कारण सर्च अभियान में बाधा आई। रविवार सुबह रेस्क्यू टीम ने फिर से खोज अभियान शुरू किया। कुछ ही घंटों में युवक का शव पानी से बरामद कर लिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डैम के किनारे चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि डैम के किनारे चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। साथ ही सुरक्षा घेराबंदी की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

### पहले घूमने के बहाने ले गए फिर बेल्टों से की मारपीट

**श्योपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में दो दोस्त युवक को घूमने के बाहने मोरडूंगरी में ले गए और वहां उसकी जाति सूचक गालियां देते हुए बेल्टों से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रं. 10 निवासी मनोज बैरवा को 25 जुलाई की शाम 7 बजे सिराज मुसलमान व उसके दोस्त घूमने के बहाने मोर डूंगरी पर ले गए और लात-घूसों से मारपीट कर दी

# पिकनिक स्थलों पर सावधानी बरतें : कलेक्टर



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 27 जुलाई।** कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बारिश के मौसम को देखते हुए नागरिको से पिकनिक स्पॉट जैसे नदियां, झरनो, टापूओ आदि पर घूमने जाते समय सावधानी बरतने की अपील की है। साथ ही नदी के पानी, गड्ढो आदि में भरे पानी से दूर रहने की अपील भी की है।

उन्होने वर्षाकाल के दौरान जिले के मुख्य पिकनिक स्थलों जैसे-बंजारा डेम, मोर डूंगरी, हाथी टीला, ढेंगदा वाले बालाजी, भूरी घाट (ढेगदा), बावंदा नाला, आवदा बांध, फूलदेह का झरना (कैलोर की गढ़ी), रामेश्वर घाट (मानपुर), भूतेश्वर महादेव (नागदा), डोब कुंड, देव खो आदि पर पर्यटकों के आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा को दृष्टि से विभिन्न उपाय किये जाने हेतु पूर्व में निर्देश जारी किये है। पिकनिक स्थलों पर होने वाली दुर्घटनाओं और अप्रिय घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से खतरनाक क्षेत्रों में प्रवेश पर रोक लगाने और आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता आदि के संबंध जिले के सभी एसडीएम एवं एसडीओपी को पूर्व से ही निर्देशित कर दिया गया है। पूर्व में जारी निर्देशो के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अपने थाने क्षेत्रांतर्गत पिकनिक स्थलों, क्षतिग्रस्त पुल-पुलियाओं एवं रपटो पर सुरक्षाकर्मियों, पुलिस बल तैनात करना सुनिश्चित करेगें। खतरनाक या जोखिम भरे स्थानों पर, जैसे कि गहरे पानी या फिसलन वाले क्षेत्रों में एवं पुल-पुलियाओं, रपटो पर अधिक पानी होने दशा में उस स्थान पर आवागमन को प्रतिबंध किया जायें तथा ऐसे स्थानों पर चेतावनी संकेत भी लगाए जाए। पानी में नौका विहार या अन्य गतिविधियों के लिए लाइफ जैकेट का उपयोग अनिवार्य किया जाए। आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए, पिकनिक स्थलों पर पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। पर्यटकों को पिकनिक स्थलों पर बनाए गए नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जायें। मद्यपान, तेज आवाज में संगीत बजाना आदि गतिविधियों पर रोक लगाई जाए। बरसात के मौसम में नदी में बीचों-बीच जाकर टापू पर पिकनिक मनाने जाने वाले पर्यटकों को पुलिस बल द्वारा रोका जाये और सावधानी बरतने की सलाह दी जाए।

### विधायक सेवढ़ा प्रदीप अग्रवाल ने इंदरगढ़ में किया बिल्डिंग मटेरियल के नये प्रतिष्ठान का उदघाटन

इंदरगढ़। जय सियाराम ट्रेडर्स बिल्डिंग मटेरियल के नवीन प्रतिष्ठान का सेंवढा विधायक प्रदीप अग्रवाल ने फीता काटकर उद्घाटन किया उद्घाटन के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि विधायक अग्रवाल ने कहा कि अब क्षेत्र वासियों को बिल्डिंग मटेरियल के समान के लिए दर-दर भटकने की जरूरत नहीं है उन्हें अलग-अलग दुकानों से सामान इकट्ठा नहीं करना पड़ेगा , संत शरण ब्यास सेंवनी सरकार एवं शाहपुर सरकार द्वारा विधि पूर्वक उदघाटन कराया , और अपना आशीर्वाद दिया । पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सुरेंद्र बुधौलिया के अलावा नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामस्वरूप मंडेलिया उपस्थित रहे ।

### कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मशाल यात्रा

**दतिया ।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित विशाल मशाल यात्रा मे वीर शहीदों को नमन कर मशाल यात्रा किला चौक से प्रारंभ होकर नजियाई स्थित शहीद स्मारक पर पर समापन किया गया पुष्प एवं मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं भारत माता के जयकारे के नारे,एवं शहीद स्मारक पर साफसफाई स्वच्छता अभियान चलाया गया, एवं वृक्षारोपण भी किया गया।

# जिन स्कूलों की छत क्षतिग्रस्त, बच्चें न बैठायें, वैकल्पिक व्यवस्था



### स्कूल भवनों के भौतिक सत्यापन के संबंध में बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 27 जुलाई।** कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति कल्याण विभाग तथा डीपीसी द्वारा स्कूल भवनों की मरम्मत के प्रस्ताव शुक्रवार 1 अगस्त तक अनिवार्य रूप से प्रदाय किये जायें, सभी सीएसी एवं संकुल प्राचार्य स्कूलों का भौतिक सत्यापन कर बीईओ, बीआरसी को रिपोर्ट प्रस्तुत करें एवं मरम्मत योग्य स्कूलों तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कक्षों के निर्माण की सूची देंगे। इसके साथ ही उन्होने निर्देश दिये कि जिन विद्यालयों की छत क्षतिग्रस्त है और वर्षाकाल के दौरान पानी टपक रहा है, उन भवनों में बच्चों को न बैठाया जायें, इसके लिए उक्त भवन की मरम्मत होने तक पृथक से वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जायें। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित स्कूल शिक्षा, डीपीसी एवं आदिम जाति कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित स्कूल भवनों की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि संकुल प्राचार्य अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत स्वयं एवं सीएसी के माध्यम से स्कूल भवनो के भौतिक सत्यापन की रिपोर्ट प्रस्तुत करें, इसके साथ ही ऐसे स्कूल जो मरम्मत योग्य है अथवा ऐसे स्कूल जहां अतिरिक्त कक्षो के निर्माण की आवश्यकता है, उसके प्रस्ताव अपने क्षेत्र के बीईओ, बीआरसी के माध्यम से भेजने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।कलेक्टर ने निर्देश दिये कि स्कूलों में मध्यान्ह भोजन मैन्यू अनुसार तथा बच्चों की संख्या के मान के आधार पर बनाया जायें, उन्होने कहा कि वर्तमान में वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए मध्यान्ह भोजन पकाते समय सर्तकता बरती जायें, जिससे कोई जहरीला कीडा आदि भोजन में न गिरे, उन्होने कहा कि खुले में एमडीएम न बनाया जायें तथा किचिनशैड में साफ-सुथरे तरीके से भोजन बनाने का कार्य किय जायें।

उन्होने सीएसी को निर्देश दिये कि सभी स्कूलों में एमडीएम चैक कर उसकी रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जायें तथा लापरवाही बरतने वाले स्वसहायता समूहो को मध्यान्ह भोजन संचालन से हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें।

# 67 बीघा भूमि से अवैध प्रविष्टियां विलोपित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,27जुलाई।** न्यायालय अपर कलेक्टर द्वारा तहसील श्योपुर के तहत ग्राम माखनाखेडली की 67 बीघा भूमि में दर्ज नामों की अवैध प्रविष्टियों को विलोपित कर भूमि को शासकीय घोषित किये जाने का आदेश पारित किया गया है।

न्यायालय अपर कलेक्टर अतेंद्र सिंह गुर्जर द्वारा पारित आदेश के अनुसार डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी अभिलेख जांच शाखा जिला श्योपुर द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर ग्राम माखनाखेडली तहसील श्योपुर की भूमि सर्वे क्रमांक 84/1/1 रकबा 2 हेक्टयर, सर्वे क्रमांक 84/1/7 रकबा 2 हेक्टयर, सर्वे क्रमांक 84/1/15 रकबा 2 हेक्टयर, सर्वे क्रमांक 84/1/11 रकबा 2 हेक्टयर, सर्वे क्रमांक 84/1/अ रकबा 2 हेक्टयर, सर्वे क्रमांक 84/1/8 रकबा 2 हेक्टयर पर खसरा पंचशाला संवत 2040-44 में संवत 2043 में प्रकरण क्रमांक 138/अ-19/87-88 दिनांक 8.9.1988 से एवं सर्वे क्रमांक 84/1/5 रकबा 1.463 हेक्टयर पर खसरा संवत 2060-64 में प्रकरण क्रमांक 84/अ-19/03-04 दिनांक 28 सितबंर 2004 से अवैध प्रविष्टि दर्ज की गई है। जिन 6 लोगों के नाम प्रविष्टि की गई है, वे सभी ग्राम में निवासरत नही है, न ही मौके पर उनका कब्जा है, उक्त व्यक्ति के नाम शासकीय भूमि को कूटरचित तरीके से अभिलेख में निजी व्यक्तियों के नाम दर्ज किये जाने का तथ्य प्रमाणित है। उक्त प्रकरण में सभी 6 नामों की अवैध प्रविष्टि को विलोपित कर उक्त भूमि को शासकीय घोषित किये जाने का आदेश पारित किया गया है तथा नायब तहसीलदार वृत्त प्रेमसर को आदेश का अमल कर अभिलेख दुरूस्त करने के निर्देश दिये गये है। उक्त प्रकरण में जिन 6 लोगों के नाम की अवैध प्रविष्टियों को विलोपित कर भूमि को शासकीय घोषित किया गया है, उनमें जामिर हुसैन पुत्र अब्दुल गफार, मुस्ताक पुत्र शब्बीर, सरदार पुत्र अब्दुल गफुर, अहमद पुत्र जुम्मा, अमर खॉ पुत्र बन्ने खॉ के नाम दो प्रकरण तथा मसूद इकबाल पुत्र अब्दुल खालिद के नाम शामिल है।

**पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद:** देहात थाना क्षेत्र के तुलसेफ गांव में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में झगडा हो गया। झगडे में दोनों तरफ से तीन लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तुलसेफ निवासी बलवीर मीणा व महावीर मीणा आपस में सगे भाई हैं। इनके बीच किसी को लेकर पुरानी रंजिश चल रही थी, जिसके चलते 26 जुलाई की सुबह 10:30 बजे दोनों के बीच झगड़ा हो गया।

# आयुष विभाग की टीमों का फॉलोअप, सहरानो का किया भ्रमण



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 27 जुलाई।** कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशां के क्रम में आयुष विभाग की टीमों द्वारा सहरिया बाहुल्य बस्तियों, सहरानो में लगातार फॉलोअप किया जा रहा है, इसी क्रम में आज फिर से टीमों ने सहरानो का भ्रमण करते हुए रोगियों का फॉलोअप किया गया तथा उन्हें उपचार उपलब्ध कराया गया।

जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने बताया कि आयुष विभाग द्वारा 9 टीमों का गठन किया गया है, जिनके द्वारा आदिवासी विकासखण्ड कराहल के किटर्रा सहराना, चारखम्बा सहराना, उगाना सहराना, बरी वाला सहराना, पकोड्या सहराना, आमवाला सहराना, गोवर्धा, संजय कॉलोनी कराहल, जवाहर कॉलोनी, इंद्रा कॉलोनी, अचार वाला सहाराना, सूखा खारे, शिव कॉलोनी, शंकरपुर, भीमनगर, मिर्च वाला सहरना सहित बासरैया सहराना, पारोंद तथा बड़ी कॉलोनी में भ्रमण करते हुए आज फिर से फॉलोअप किया गया।

आयुष विभाग की टीमों द्वारा आयुष चिकित्सको के नेतृत्व में घर-घर जाकर ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों एवं संक्रामक रोगो से बचने के लिए जागरूक करते हुए उपाय बनाये जा रहे है, साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण कर सर्वे किया जा रहा है। चिकित्सको द्वारा ग्रामीणों को इस दौरान पानी उबालकर एवं छानकर पीने एवं हल्का भोजन करने की सलाह दी गई है। उन्होने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान रोग पाये जाने पर आवश्यकतानुसार आयुष औषधियों के माध्यम से उपचार किया जा रहा है। आयुष चिकित्सकों में डॉ हेमराज नागर, डॉ राजवर्धन रावत, डॉ बृजलता मांझी, डॉ सुग्रीव मीणा, डॉ अबरार मोहम्मद खान, डॉ रघुवीर मीणा, डॉ राजेश मेहरा, डॉ अनूप सोनी, डॉ कौशल श्रीवास्तव, डॉ वंशिखा आरोलिया, डॉ ज्योति माहौर के नेतृत्व में टीमें ग्रामो में फॉलोअप कर रही है।

## दतिया

# दतिया शिक्षा के क्षेत्र में बहुत आगे बढ़ रहा है : डॉ .मिश्रा



**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 27 जुलाई।** दतिया के होनहार छात्राओं को 12वीं पास करने के बाद आगे की पढ़ाई करने के लिए किसी और जिलों में या प्रदेश में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी क्योंकि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ने अपने दतिया में मेडिकल कॉलेज आईआईटी कॉलेज विधि महाविद्यालय गर्ल्स कॉलेज पीजी कॉलेज वेटरनरी कॉलेज नर्सिंग कॉलेज संस्कृत विद्यालय और पत्रकारिता महाविद्यालय सहित अनेको कॉलेज दतिया में संचालित हैं अपना दतिया शिक्षा के क्षेत्र में बहुत आगे बढ़ रहा है आप सभी छात्र छात्राएं पढ़ाई के क्षेत्र में आगे बढ़े और अपने दतिया का नाम रोशन करें। उक्त बात पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा वृंदावन धाम में छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल वितरण करते हुए कही।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा का जिला शिक्षा अधिकारी उदित नारायण मिश्रा ने पगड़ी पहनकर सम्मान किया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष रघुवीर कुशवाहा भाजपा जिला मंत्री अतुल भूरे चौधरी प्रशांत ढेगुला जीतू कमरिया विनय यादव श्रीमती सुलक्षणा गंगोटिया क्रांति राय मीनाक्षी कटारे कुमकुम रावत नेहा रजक अक्कू दुबे लला रजक बल्ले रावत सत्यम पांडा सहित बड़ी संख्या में कार्यक्रम स्थलों पर भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नरेन्द्र कुशवाह 151 किलो की कावड लेकर आयेंगे आज

दतिया। बुंदेला सरकार दतिया के भगत नरेंद्र कुशवाहा और उनकी टीम द्वारा सेवड़ा के सनकुआ से 151 किलो कावड़ का जल लेकर दतिया बुंदेला सरकार धाम लेकर आ रहे हैं इसमें सनकुआ से आ रहे कावड़ यात्रियों का सेवड़ा इंदरगढ़ क्षेत्र के लोगों द्वारा भव्य स्वागत सम्मान किया गया अपने 5 दिन की कावड़ यात्रा के अवसर पर श्री श्री 1008 वराह सरकार एवं बुंदेला सरकार के पीठाधीश्वर महाराज भगत पुजारी सभी का स्वागत सम्मान किया गया।

### आज विभिन्न क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी

दतिया ।33 केव्ही एवं 33/11 केव्ही प्री मानसून मेंटेनेस का कार्य किये जाने के कारण सुरक्षा कारणों से आज दिनांक 28 जुलाई को विभिन्न क्षेत्रों की विधुत सप्लाई सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगी। जिन क्षेत्रों की विधुत सप्लाई बंद रहेगी उनमें सरसई, उनाव, सबस्टेशन से निकलने वाले सभी 11 कव्ही फीडर से संबंधित क्षेत्र, 11 केव्ही सिंधवारी आबादी फीडर, 11 केव्ही चिरूला आबादी फीडर, 11 केव्ही गुजर्रा आबादी फीडर, 11 केव्ही पिपरौआ कला आबादी फीडर, 11 केव्ही बेहरूका आबादी फीडर, 11 कव्ही भदौना आबादी फीडर, 11 केव्ही बड़ौनी आबादी फीडर, 11 केव्ही घूघसी आबादी फीडर, 11 केव्ही लहा आबादी फीडर, 11 केव्ही बरधुवा आबादी फीडर, 11 केव्ही कमरारी आबादी फीडर, 11 केव्ही उद्गंवा आबादी फीडर, 11 केव्ही इकारा खैरी पंप फीडर, 11 केव्ही सहिडा खुर्द आबादी फीडर, 11 केव्ही बरगांय आबादी फीडर से संबंधित क्षेत्र शामिल है।

**27 जुलाई तक जिले में कुल 538.85 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज:** दतिया ब्यूरो। अधीक्षक भू-अभिलेख दतिया कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 जुलाई को जिले में कुल 65.60 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई। जिसमें दतिया में 112.4 मि.मी, सेवढ़ा में 36 मि.मी., भाण्ड़ेर में 58 मि.मी., इन्दरढ़ नया केन्द्र में 56 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष आज दिनांक को जिले में कुल 4.25 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिसमें दतिया में 15 मि.मी., इन्दरगढ़ नया केन्द्र में 2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि सेवढा, भाण्ड़ेर में वर्षा की स्थिति निल थी। जिले की औसत सामान्य वर्षा 870.8 है।

# शासकीय महाविद्यालय इंदरगढ़ में एक पेड़ मां के नाम अभियान आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़,27जुलाई।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम किया गया । इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य डॉ एम एल दीक्षित तथा वर्तमान प्राचार्य डॉ . निलय गोस्वामी के निर्देशन में कई फलदार एवं छायादार पौधे रोपे गए। पौधारोपण कार्यक्रम में जनपद सदस्य सुमेर सिंह द्वारा पौधारोपण से पर्यावरण संरक्षण हेतु लाभ छात्र-छात्राओं को बताए गए। कार्यक्रम में इको क्लब प्रभारी डॉ.शबाना बानो राघवेंद्र सिंह यादव एनएसएस प्रभारी डॉक्टर मुकेश कुमार मौर्य डॉ सरिता सिंह डॉ सचिन गौरी , सौरभ सैनी, टेकचंद भारद्वाज, हरविलास जाटव ,सौरभ सैनी, पुनीत दीक्षित , उत्तम सिंह बघेल , लतीफ खान, नीरज कर्ण, दुष्यंत कर्ण, शुभम तिवारी एवं महाविद्यालय के छात्रों में अंकित शाक्य साहिल श्रीवास्तव श्याम आदि उपस्थित रहे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल में 'एक पेड़ मां के नाम लगाया गया

इंदरगढ़। सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर इंदरगढ़ जिला दतिया विद्यालय में भैया बहिनों द्वारा पौधे लगाए गए शुद्ध ऑक्सीजन के लिए पेड़ पौधे लगाना आवश्यक है कोरोना कल में हमको यह ज्ञात हो गया था ऑक्सीजन के बिना कई परिवारों के लोग इस दुनिया में नहीं है इसलिए हमारे जीवन में ऑक्सीजन आवश्यक है शुद्ध ऑक्सीजन शुद्ध हवा शुद्ध वायु हमको पेड़ पौधों से ही प्राप्त होती है इसलिए हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अधिक से अधिक संख्याओं में पेड़ पौधे लगाएंगे एवं लगवाएंगे बिना हवा के मनुष्य जिंदा नहीं रह सकता आज सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर इंदरगढ़ विद्यालय के आचार्य परिवार ने प्रतिज्ञा ली है कि हम अधिक से अधिक संख्या में अभिभावकों से पेड़ पौधे लगवाएंगे एवं हम सभी लगाएंगे यह बात प्रधानाचार्य विजय कुमार शर्मा ने कहीं वृक्षारोपण कार्यक्रम में भैया बहनों के साथ-साथ आचार्य परिवार श्री राजेश उदैनिया, हरिशंकर माहौर, अभिषेक साहू ,अमित साहू , मनीष जाटव, श्रीमती रेखा शाक्य, श्रीमती रानी जाटव, कु. आकांक्षा कु. आरती कुशवाहा आदि समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# पर्यावरण का संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है : विधायक



**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़,27जुलाई।** इंदरगढ़ उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेवढा में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रदीप अग्रवाल उपस्थित रहेकार्यक्रम के तहत मौका तिथि विधायक प्रदीप अग्रवाल ने कहा है कि पर्यावरण का संरक्षण करने की जिम्मेदारी आप हम सभी की है इसलिए सभी लोगों को पौधरोपण करना चाहिए कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर स्वेच्छा के आधार पर पौधरोपण किया गया इस मौके पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष भागवत दाऊ, मंडल महामंत्री राघवेंद्र गुर्जर दीपक जाटव आलोक परिहार लाखन सिंह चौहान उषा निरंजन रामस्वरूप बुधौलिया चंद्रेश गुप्ता दीपक रजक धीरेंद्र उदैनिया हरकिशन कुशवाहा नीरू चौहान सोनू गुर्जर चंद्रपाल भदोरिया एवं विद्यालय प्राचार्य जितेंद्र उदैनिया उमा पाठक उपस्थित रहे ।

### साबनतीज पर बच्चों ने लगाए पौधे

दतिया। साबनतीज के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर बालाजी नगर उनाव रोड दतिया विद्यालय में भैया बहनों द्वारा पेड़ पौधे लगाए गए शुद्ध ऑक्सीजन के लिए पेड़ पौधे लगाना आवश्यक है कोरोना कल में हमको यह ज्ञात हो गया था ऑक्सीजन के बिना कई परिवारों के लोग इस दुनिया में नहीं है इसलिए हमारे जीवन में ऑक्सीजन आवश्यक है शुद्ध ऑक्सीजन शुद्ध हवा शुद्ध वायु हमको पेड़ पौधों से ही प्राप्त होती है इसलिए हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अधिक से अधिक संख्याओं में पेड़ पौधे लगाएंगे एवं लगवाएंगे बिना हवा के मनुष्य जिंदा नहीं रह सकता आज सरस्वती शिशु मंदिर बालाजी नगर उनाव रोड़ विद्यालय के आचार्य परिवार ने प्रतिज्ञा ली है कि हम अधिक से अधिक संख्या में अभिभावकों से पेड़ पौधे लगवाएंगे एवं हम सभी लगाएंगे ।

### शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर बनाये जा रहे मकान को प्रशासन ने ढहाया

दतिया। कलेकटर स्वप्निल वानखडे द्वारा शासकीय भूमियों को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मुहिम लगातार जारी है। महावीरपुरम में सरकारी सर्वे नम्बर 129 पर लगभग 1500 वर्गफीट में राघवेन्द्र दुत्र दशरथ सिंह कौरव द्वारा अतिक्रमण कर मकान बनाया जा रहा था। जिसमें संबंधित को नोटिस जारी किया गया था जिसकी अपील भी खारिज हो गई थी। रविवार को कलेक्टर के निर्देशन पर एसडीएम दतिया संतोष तिवारी, तहसीलदार बीएम आर्य, नायब तहसीलदार जगदीश घनघोरिया, पटवारी, आरआई, नगर पालिका अमला और कोतवाली पुलिस शासकीय भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराया ।